**भारत सरकार**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय**
**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं.: 449**
**उत्तर देने की तारीखः 22.07.2025**

**पंजाब में अनुसूचित जाति उपयोजना**

**449. श्री चरनजीत सिंह चन्नीः**

क्या **सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या चालू वित्त वर्ष में अनुसूचित जाति उपयोजना (एससीएसपी) के अंतर्गत बजटीय आवंटन में वृद्धि की गई है; और

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, तथा पंजाब में पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान एससीएसपी के अंतर्गत निधि उपयोग की स्थिति क्या है, तथा किन प्रमुख योजनाओं या क्षेत्रों में ये निधियाँ आवंटित की गई हैं?

**उत्तर**
**सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री**
**(श्री रामदास आठवले)**

**(क):** जी हां, पूर्ववर्ती अनुसूचित जाति उपयोजना (एससीएसपी) जो अब अनुसूचित जाति विकास कार्य योजना (डीएपीएससी) है, के अंतर्गत चालू वित्त वर्ष में परिव्यय पिछले वर्षों की तुलना में बढ़कर 1,68,475.26 करोड़ रुपये हो गया है।

**(ख):** पंजाब सहित डीएपीएससी के अंतर्गत निधि उपयोग की स्थिति, साथ ही प्रमुख योजनाएं या क्षेत्र जहां पिछले तीन वित्त वर्षों के दौरान ये निधियां आवंटित की गई थीं, https://e-utthaan.gov.in पर उपलब्ध है और इसे समय-समय पर संबंधित डीएपीएससी द्वारा दायित्व-प्राप्त मंत्रालयों/विभागों द्वारा ई-उत्थान पोर्टल पर अद्यतन किया जाता है।

*****